# आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में एनआईसी मध्य प्रदेश द्वारा क्लाउड कंप्यूटिंग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में 01 अगस्त 2025 को क्लाउड कंप्यूटिंग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT) द्वारा प्रायोजित था तथा इसमें विभिन्न विभागों के 30 अधिकारियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को क्लाउड कंप्यूटिंग की आधुनिक अवधारणाओं, उसके परिनियोजन मॉडल, सुरक्षा मानकों तथा शासन में इसके व्यावहारिक उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। सत्रों में निम्नलिखित प्रमुख विषय शामिल थे:

### - - - सेशन कवर्ड - - -

| सेशन | टॉपिक कवर्ड | प्रेजेंटर |
|---|---|---|
| I | Introduction to Cloud Computing in Government | प्रदीप अहिरवार, वैज्ञानिक -डी |
| II | Cloud Service Models & Types of Services | समीर राजन, वैज्ञानिक - डी |
| III | Cloud Deployment Models in Government | सरस्वती परमार, वैज्ञानिक - डी |
| IV | NIC Cloud & Meghraj Framework | प्रदीप अहिरवार, वैज्ञानिक -डी<br>सरस्वती परमार, वैज्ञानिक - डी |
| V | Benefits & Challenges in Government Cloud Adoption & Cloud Management & Security | राकेश जैन, वैज्ञानिक - एफ |

### - - - प्रशिक्षण कार्यक्रम की झलकियाँ - - -















प्रशिक्षण सत्रों में इंटरएक्टिव चर्चाओं, डेमो तथा केस स्टडीज के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। कार्यक्रम से अधिकारियों को डिजिटल परिवर्तन (Digital Transformation) की दिशा में नई तकनीकों का प्रभावी उपयोग करने की दिशा में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

श्री कमलेश जोशी, SIO, NIC MP ने समापन सत्र में प्रतिभागियों को संबोधित किया और उनसे संवाद किया। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया दी तथा यह आश्वासन दिया कि वे इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने-अपने संस्थानों में प्रभावी रूप से करेंगे। उन्होंने इस पहल को एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की। श्री राकेश जैन, प्रमुख, ई-मेल, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, एनकेएन, आईडीसी, वेब, क्लाउड सेवाएँ एवं नेटवर्क संचार समूह ने पूरे प्रशिक्षण के दौरान मार्गदर्शन प्रदान किया एवं सुरक्षा विषयों पर प्रशिक्षार्थियों से संवाद किया।

कार्यक्रम का समन्वय डॉ. अनुपमा रावत, प्राध्यापक लोक नीति एवं प्रशिक्षण संचालक, डीओपीटी, आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल द्वारा किया गया और एनआईसी मध्य प्रदेश द्वारा विशेष रूप से की गई कोर्स डिजाइनिंग तथा सत्रों के लिए आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

**संकलन**
**प्रदीप अहिरवार**
**संयुक्त निदेशक (आई टी)**
**एनआईसी, मध्य प्रदेश भोपाल**